प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

नीट यूजी परीक्षा में गड़बड़ी से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश की बेंच के सामने तीसरी सुनवाई जारी है। सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश डीवाई चन्द्रचूड़, न्यायाधीश जेबी पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की खंडपीठ ने कहा कि दोबारा नीट परीक्षा कराने के लिए ठोस कारण होना चाहिए। इस बीच सीबीआई ने अदालत ने आज दूसरा स्टेट्स रिपोर्ट दाखिर किया। इधर, नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने पटना एम्स के चार डाक्टरों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

****

झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना केंद्रीय कानून मंत्रालय ने जारी कर दी है। दरअसल हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश विद्युत रंजन षाडंगी कल सेवानिवृत हो रहे हैं। न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद फिलहाल उनकी जगह लेंगे।

****

देश भर में एक जुलाई से लागू हुए तीन नये आपराधिक कानूनों को राज्य में खूब सराहना मिल रही है। कानून के जानकारों का कहना है कि नये कानून से त्वरित न्याय की परिकल्पना साकार होगी। रामगढ़ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल का कहना है कि ये कानून न्यायिक व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होंगे।

****

बोकारो जिले के सेक्टर नाइन में विस्थापित नेता शंकर रवानी की अपराधियों ने आज सुबह गोली मारकर हत्या कर दी। घटना को बाइक और कार सवार अपराधियों ने अंजाम दिया। घटना के बाद विस्थापित नेता को घायल अवस्था में बोकारो जनरल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस घटना की जांच कर रही है। इधर, घटना से गुस्साये लोगों ने जिले के नयामोड़ में सड़क जाम कर अपना विरोध दर्ज किया।

****

रेलवे सुरक्षा बल ने हटिया रेलवे स्टेशन से चौदह किलो से ज्यादा गांजे के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में उत्तर प्रदेश का एटा निवासी मोहित परासर और बिहार के बेतिया निवासी विकास कुमार सिंह शामिल हैं। बरामद गांजा की कीमत सात लाख रुपये से ज्यादा आंकी गयी है। उपनिरीक्षक सूरज पांडे ने बताया कि आरपीएफ रांची मंडल के सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर लगातार अवैध मादक पदार्थों और शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गाड़ी संख्या एक पांच शून्य दो सात संबलपुर– गोरखपुर एक्सप्रेस में चेकिंग के दौरान यह सफलता मिली।

****

दुमका में आज सुबह एक युवती का अधजला शव बरामद हुआ है। शव की बरामदगी मसलिया प्रखंड के गुमरो पहाड़ से हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गयी है। प्रशिक्षु डीएसपी आकाश भारद्वाज मामले की छानबीन कर रहे हैं। फिलहाल मृत युवती की शिनाख्त नहीं हो पायी है।

****

चतरा जिला नियोजन कार्यालय परिसर में 8 अगस्त से 28 अगस्त तक भारतीय सेना में अग्निवीर के तौर पर शामिल होने के लिए ऑनलाइन निबंधन कैंप का आयोजन किया जायेगा। चतरा के जिला नियोजन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि भारतीय वायु सेना में अग्निवीर योजना के तहत शामिल होने वाले युवा जिला निबंधन कार्यालय परिसर आकर अपना निबंधन करा सकते हैं। निबंधन के लिए न्यूनतम योग्यता 12 वीं रखी गयी है।

****

गिरिडीह जिले में बारिश नहीं होने के कारण धान की रोपनी प्रभावित हो रही है।

****

रांची समेत पूरे राज्य में मानसून की सक्रियता धीमी पड़ गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने आज और कल हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना व्यक्त की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड में साइक्लोनिक सर्कुलेशन और मानसून का ट्रफ कमजोर हो चुका है। इस कारण आज और कल तेज बारिश होने की संभावना नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि 20 जुलाई से मानसून एक बार फिर रफ्तार पकड़ेगा और पूरे राज्य में झमाझम बारिश होगी।

*****समाप्त**********